सार-समाचार

सुंदर कमल जल मंदिर प्याऊ का लोकार्पण

जालोर,(कासं)। जिला मुख्यालय के निकट राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय लालभाकरी परिसर में गुरुवार को सुंदर कमल जल मंदिर प्याऊ का लोकार्पण श्रीमती सुंदर देवी पत्नी रतन चंद एवं श्रीमती कमला देवी पत्नी हस्तीमल की स्मृति में भामाशाह भैरूमल निर्मला भंडारी परिवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड अध्यक्ष मोहन पाराशर ने कहा कि प्याऊ का निर्माण करना पुनीत कार्य है। वो भी ग्रामीण व दूर दराज इलाके में एक विद्यालय के पास प्याऊ का निर्माण किया जाता है तो उससे बेहतर सेवा का कोई कार्य नहीं। भामाशाह एवं कार्य म के मुख्य अतिथि भैरूमल जैन ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में धन अर्जन के साथ-साथ धन को सेवा कार्य में समर्पित करना चाहिए। चाहे धन का वह कितना भी प्रतिशत हो। जिसकी जितनी शक्ति, उतना मानव और प्राणी सेवा में जरूर खर्च करना चाहिए। इस मौके पर नोडल अधिकारी विजय सिंह, डाइट के उपप्राचार्य शांतिलाल दवे, जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड के मुख्य प्रबंधक परमानंद भट्ट, रोटरी क्लब जालोर के सचिव हितेश प्रजापत, अधिवक्ता योगेश दवे, कमलेश सोनी, कैलाश सुथार, तरुण सिद्धार्थ, नितेश भटनागर, प्रकाश प्रजापत, गजेंद्रसिंह बादनवाडी, प्रेमसिंह कानीवाडा, ओमप्रकाश माली और राजू सोनी ने भी भामाशाह द्वारा किए कार्य की प्रशंसा की। कार्यक्रम में लालभाकरी विद्यालय के अध्यापक पूर्णप्रकाश नाग, थानाराम, ओमप्रकाश राजपुरोहित, नरेश कुमार, जितेंद्र कुमार दवे, तुषार दवे समेत लालभाकरी के ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान भामाशाह परिवार के निर्मला देवी, भैरूमल भंडारी, नरेश भंडारी, महेंद्र भंडारी, महावीर भंडारी, राजेश भंडारी, उत्तम भंडारी, सुमेर भंडारी, महेंद्र भंडारी एम, कैलाश भंडारी, नरपत भंडारी और सुरेश भंडारी समेत कई लोग मौजूद थे। भामाशाह परिवार ने विद्यालय को आगे भी पूर्ण सहयोग एवं स्पोर्ट्स गतिविधि प्रोत्साहन के लिए सहयोग करने का पूर्ण आश्वासन दिया।

रेलवे के पार्किंग ठेकेदार पर जुर्माना

जालोर, (का.सं.)। रेलवे प्रशासन ने जालोर रेलवे स्टेशन की पार्किंग व्यवस्था में अनियमितताएं पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करते हुए संचालक पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई यात्रियों से प्राप्त शिकायतों के आधार पर की गई। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि यात्री द्वारा अधिक शुल्क वसूली और निर्धारित नियमों के पालन नहीं किए जाने की शिकायत मिलने पर मामले को गंभीरता से लिया गया। डीआरएम अनुराग त्रिपाठी के निर्देशानुसार संबंधित निरीक्षकों की टीम ने पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पार्किंग में निर्धारित दर सूची का पालन नहीं किया जा रहा था तथा कुछ स्थानों पर नियमों की अनदेखी भी की जा रही थी। इस पर तत्काल प्रभाव से संचालक के खिलाफ 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। उन्होंने बताया कि यात्रियों से तय दर से अधिक शुल्क वसूलना पूरी तरह से नियमों के खिलाफ है और इस प्रकार की अनियमितताओं को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंडल में सभी स्टेशनों पर पार्किंग व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि यात्रियों को पारदर्शी और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। रेलवे प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में भी ऐसी शिकायतें प्राप्त होती हैं तो संबंधित ठेकेदार के खिलाफ और कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें अनुबंध निरस्तीकरण तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है।

कलैक्टर ने भीनमाल में निरीक्षण किया

जालोर, (कासं)। जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरूवार शाम को भीनमाल तहसील कार्यालय व उप कारागृह कार्यालय का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने तहसील कार्यालय के विभिन्न अनुभागों का अवलोकन कर रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं देखा तथा अनुभाग संबंधित विभिन्न कार्यों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने रिकॉर्ड की जांच कर व्यवस्थाओं को और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने तथा फाईलों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने के साथ ही रिकॉर्ड के व्यवस्थित रूप से संधारण करने और डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने गुरूवार शाम को भीनमाल उप कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होनें कारागृह में सुरक्षा एवं साफ-सफाई को लेकर निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस दल द्वारा जिला कलक्टर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। भीनमाल अतिरिक्त जिला कलैक्टर पूजा सक्सेना, भीनमाल उपखण्ड अधिकारी मोहित कासनिया सहित अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

विद्या भारती में पृथ्वी दिवस मनाया

जालोर, (कासं)। जालोर शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित विद्या भारती इंरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. अनिल कुमार मिश्रा के अनुसार, इस अवसर पर नर्सरी से लेकर आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से बहुत ही सुंदर संदेश दिया इस पृथ्वी दिवस पर। साथ ही नर्सरी, एलकेजी , यूकेजी के बच्चों ने एक छोटी सी स्किट के माध्यम से भी पेड-पौधों के महत्व के बारे में सबको जागरूक किया। कक्षा चौथी के बच्चों ने भी पेड-पौधों को लगाने और इस पृथ्वी को बचाने के संदेश को रेखांकित किया। इसी क्रम में कक्षा छठी और सातवीं के विद्यार्थियों ने ग्लोबल वार्मिंग पर एक बेहतरीन प्रस्तुति दी। अंत में विद्यालय के निदेशक के.एन. भाटी ने सभी को वातावरण की रक्षा के बारे में अपना संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय निदेशिका मधुबाला भाटी ने भी सभी बच्चों को पर्यावरण को बचाने और इस पृथ्वी को अपनी माँ की तरह से रक्षा करने का संदेश दिया। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. ए.के. मिश्रा ने सभी को अवगत कराया कि आप जिस तरह से इस पृथ्वी से अपनी सारी जरूरतें पूरी करते हैं, उसी तरह से आपको इसकी रक्षा भी करनी होगी। तभी इसका लाभ सदियों तक मिल सकेगा ।

रौंकिनी गुप्ता ने लोगों को मंत्रमुग्ध किया

जोधपुर, (कासं)। "अनुबंध- वृद्धजन कुटीर" के 25 वें वर्ष में प्रवेश पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की कड़ी में एफडीडीआई, मंडोर स्थित सभागार में सायंकाल साढ़े छह बजे भव्य शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया गया।अनुबंध एवं एफडीडीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में देश की जानीमानी गायिका रौंकिनी गुप्ता ने शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति देकर दर्शक श्रौताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने राग बिहार से सजी श्रृंगार रस की रचना,लट उलझी सुलझा जा बालमा...., से कार्यक्रम का आगाज किया। इस अवसर पर जाने माने कवि राम अकेला ने अपनी एक रचना पेश की। इससे पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अनुबंध की तरफ से अनुराधा अडवाणी तथा नरेंद्र डवाणी ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में शहर के अनेक लोग उपस्थित थे।

फील्ड ट्रेनर्स प्रशिक्षण का समापन

जालोर, (कासं)। जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले के कुल 66 फील्ड ट्रेनर्स में से शेष 29 फील्ड ट्रेनर्स के द्वितीय बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 20 अप्रेल से 22 अप्रेल, बुधवार तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जालोर में आयोजित किया गया। जिसका समापन उप जिला जनगणना अधिकारी किशन सिंह व जनगणना कार्य निदेशालय के जिला समन्वयक उमेश विश्वकर्मा की उपस्थिति में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षण में राज्य स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स बसंत कुमार ओझा एवं राजेन्द्र सिंह द्वारा फील्ड ट्रेनर्स को गहन प्रशिक्षण दिया गया। जिला स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त फील्ड ट्रेनर्स फील्ड में जाकर चार्ज स्तर पर पर्यवेक्षकों एवं प्रगणकों को प्रशिक्षित करेंगे। सभी स्तर के प्रशिक्षणों की समाप्ति के पश्चात भारत की प्रथम डिजीटल जनगणना का शुभारंभ राज्य में 16 मई 2026 से प्रारम्भ हो जाएगा।

कॉल्विन के लिए चयन ट्रायल 26 को

जैसलमेर, (नि.सं.)। राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कॉल्विन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जैसलमेर जिले की टीम का चयन 26 अप्रैल को किया जाएगा। संघ के सचिव विमल शर्मा ने बताया कि इंदिरा इंदौर स्टेडियम स्थित मैदान में 26 अप्रैल को 7:00 बजे से चयन ट्रायल किया जाएगा। ट्रायल में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को जैसलमेर जिले का होना अनिवार्य है, साथ ही खिलाड़ियों को अपने मूल निवास, 10वीं की मार्कशीट के साथ माता-पिता का आधार कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। शर्मा ने बताया कि चयन ट्रायल व्यवस्थाओं का प्रभारी कृष्ण गोपाल सोनी सहायक प्रभारी विनर शर्मा व पुष्पेंद्र बोहरा को बनाया गया है।

स्कॉर्पियो की टक्कर से ऑटो चालक की मौत, पांच घायल

सायला, (निसं)। सायला-ओटवाला मार्ग पर गुरुवार शाम एक दर्दनाक सडक हादसे में ऑटोरिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि ऑटोरिक्शा में सवार पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

जानकारी के अनुसार, एक ऑटोरिक्शा जो उम्मेदाबाद से सवारियां लेकर सायला की ओर आ रहा था। शाम करीब 4.45 बजे ओटवाला सरहद में मामाजी मंदिर के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार सफेद रंग की स्कॉर्पियो ने ऑटोरिक्शा को अपनी चपेट में ले लिया।

वारदात के बाद स्कॉर्पियो चालक वाहन सहित मौके से फरार होने में कामयाब रहा। हादसे में ऑटोरिक्शा चालक कांतिलाल पुत्र नगाराम निवासी धनानी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं ऑटोरिक्शा में सवार प्रकाश पुत्र सोनाराम (30), निवासी लूर, प्रवीण पुत्र बाबूलाल (25), निवासी कुआबेर, सुरेश पुत्र मंगलाराम (25), निवासी उम्मेदाबाद, मांगीलाल पुत्र जीवाराम (42), निवासी खरल, पोसाराम पुत्र गोराजी (55), निवासी अहमदाबाद घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को एम्बुलेंस द्वारा राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सायला पहुंचाया गया।

प्राथमिक उपचार के बाद प्रकाश, प्रवीण, सुरेश और मांगीलाल की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च केंद्र के लिए आगे रेफर कर दिया गया।

इधर सूचना मिलते ही सायला पुलिस ने मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का मुआयना किया और क्षतिग्रस्त वाहन को मार्ग से हटवाकर यातायात सुचारू करवाया। पुलिस ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवाया है और स्कॉर्पियो चालक की तलाश शुरू कर दी है।

सगाईशुदा युवती का अपहरण, 5 घंटे बंधक बनाया

जालोर, (कासं)। जालोर जिले के सायला क्षेत्र में एक युवक ने अपनी मंगेतर के अपहरण एवं उसे जबरन बंधक बनाए जाने का गंभीर आरोप लगाते हुए जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, तालियाणा निवासी ओबाराम पुत्र खुबाराम ने बताया कि उसकी सगाई करीब 2-3 वर्ष पूर्व आकवा निवासी युवती कदनो के साथ हुई थी। दोनों के बीच आपसी सहमति एवं प्रेम संबंध भी थे। आरोप है कि युवती के परिजन उसकी जबरन अन्यत्र शादी कराने का प्रयास कर रहे थे। युवक के अनुसार, 20 अप्रैल की रात युवती उसके घर पहुंची और अपने परिजनों द्वारा जबरदस्ती शादी कराने की बात कही। इसके बाद दोनों विवाह के उद्देश्य से जोधपुर की ओर रवाना हुए, लेकिन 21 अप्रैल को रास्ते में युवती के परिजनों ने तीन गाडियों में पीछा कर उन्हें रोक लिया।

आरोप है कि परिजनों ने दोनों को जबरन वालेरा गांव ले जाकर करीब पांच घंटे तक बंधक बनाकर रखा तथा धमकाया। इस दौरान युवक ने पुलिस कंट्रोल रूम एवं सायला थाने में फोन कर सहायता मांगी, लेकिन समय पर कोई मदद नहीं मिली।

युवती को मुक्त नहीं कराने का पुलिस पर आरोप

युवक का यह भी आरोप है कि बाद में पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन युवती को मुक्त नहीं कराया गया, बल्कि उसे ही शांति भंग के आरोप में थाने ले जाकर गिरफ्तार कर लिया गया तथा उसके साथ मारपीट भी की गई। पीडित का कहना है कि उसकी मंगेतर अभी भी परिजनों के कब्जे में है और उसकी जान को खतरा बना हुआ है। ओबाराम ने पुलिस अधीक्षक, पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक जोधपुर को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों के खिलाफ अपहरण एवं बंधक बनाने का मामला दर्ज करने, निष्पक्ष जांच करवाने तथा युवती को तत्काल मुक्त कर उसके बयान दर्ज कर उसकी इच्छा अनुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

जनगणना में लगे कर्मचारी के स्थानांतरण व कार्यमुक्ति आदेश पर अन्तरिम रोक

जोधपुर, (कासं)। राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जोधपुर ने स्कूल व्याख्याता, (हिन्दी) के पद पर कार्यरत हेमलता शर्मा के स्थानान्तरण आदेश व कार्यमुक्ति आदेश पर अन्तरिम रोक लगाते हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग से जवाब तलब किया।

हेमलता शर्मा वर्तमान में राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, मदेरणा कॉलोनी, जोधपुर में स्कूल व्याख्याता (हिन्दी) के पद पर कार्यरत है। 10 जनवरी 2026 के निर्देशक माध्यमिक शिक्षा के आदेश से उसका वर्तमान स्थान से स्थानान्तरण राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, बापिणी, जिला फलौदी में किया गया। परन्तु उसे कार्यमुक्त नहीं किया गया।

12 मार्च 2026 को निर्देशक माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा एक पत्र जारी कर अपने मातहत सभी अधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि जिस किसी कर्मचारी को 16 वीं राष्ट्रीय जनगणना-2027 का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है उन कर्मचारियों को कार्यमुक्त करने से पूर्व जिला निर्वाचन अधिकारी या सक्षम अधिकारी से पूर्वानुमति प्राप्त करने के उपरान्त ही कार्यमुक्त किया जावे। क्योंकि 16वीं राष्ट्रीय जनगणना-2027 का कार्य राष्ट्रीय स्तर का कार्य है इसमें किसी प्रकार की कौताही नहीं बरती जावें।

01 अप्रैल 2026 के आदेश से प्रार्थीनी को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रगणक के रूप में 16 वीं राष्ट्रीय जनगणना-2027 में अतिरिक्त कार्यभार प्रदान किया गया। जिसके उपरान्त भी प्रधानाचार्य, राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, मदेरणा कॉलोनी, जोधपुर द्वारा उसे 13 अप्रेल 2026 को कार्यमुक्त कर दिया गया। विभाग के इस तथ्य से व्यथित होकर प्रार्थीनी ने अपने अधिवक्ता प्रमेन्द्र बोहरा के माध्यम से एक अपील अधिकरण के समक्ष प्रस्तुत की।

अधिकरण के समक्ष प्रार्थीनी के अधिवक्ता का तर्क था कि निर्देशक माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि जिस किसी कर्मचारी को 16 वीं राष्ट्रीय जनगणना-2027 में अतिरिक्त दायित्व प्रदान किया गया उन्हें कार्यमुक्त नहीं किया जाना है एवं इस कार्य को सर्वोच्चय प्राथमिकता प्रदान करनी है एवं किसी कारणवश किसी कर्मचारी को कार्यमुक्त करना भी है तो उस कर्मचारी को कार्यमुक्त करने से पूर्व सक्षम अधिकारी या जिला जनगणना अधिकारी द्वारा पूर्वानुमति लेने के पश्चात् ही कार्यमुक्त किया जा सकता है।

प्रार्थीनी को प्रगणक के रूप में अतिरिक्त दायित्व दिनांक 01 अप्रेल 2026 को प्रदान किया गया, इसके उपरान्त भी 13 अप्रैल 2026 के आदेश से प्रार्थीनी को प्रधानाचार्य, राजकीय सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, मदेरणा कॉलोनी, जोधपुर द्वारा कार्यमुक्त किया गया एवं उसे राजकीय सीनियर सैकेण्डरी सकूल, बापिणी, फलौदी में जाकर कार्यग्रहण करने का आदेश प्रदान किया गया।

इस कार्यमुक्ति से पूर्व किसी प्रकार की कोई अनुमति सक्षम अधिकारी या जिला निर्वाचन अधिकारी से ली गई हो वह इस विवादास्पद आदेश में परीलक्षित नहीं होती। जो कि निर्देशक माध्यमिक शिक्षा विभाग के आदेश 12 मार्च 2026 की पूर्ण अवहेलना है।

प्रार्थीनी के अधिवक्ता के तर्को से सहमत होते हुए अधिकरण ने प्रार्थीनी के स्थानान्तरण 10 जनवरी 2026 एवं उसके कार्यमुक्ति आदेश 13 अप्रेल 2026 को प्रथम दृष्टया अनुचित एवं विधि विरूद्ध मानते हुए अन्तरिम रोक लगाई एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग से 4 सप्ताह के भीतर जवाब तलब किया।

जालोर में विद्युत कार्मिकों ने बकाया भुगतान मांगा

जालोर, (कासं)। जालोर जिले में 132 केवी जीएसएस पर कार्यरत विद्युत कार्मिकों ने लंबित भुगतान को लेकर जिला प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है।

कार्मिकों ने जिला कलेक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजेश मेवाडा को ज्ञापन सौंपते हुए जेबीसी कंपनी एवं आरआरवीपीएनएल से बकाया राशि दिलाने की मांग की। कार्मिकों ने बताया कि वे जालोर जिले के उम्मेदपुर, बागरा, बाकरा, रामसीन एवं माण्डवला स्थित 132 केवी जीएसएस पर कार्यरत रहे हैं। ज्ञापन की प्रतिलिपि अधीक्षण अभियंता,सर्कल सिरोही एवं अधिशाषी अभियंता जालोर को भी भेजी गई है। ज्ञापन में कार्मिकों ने आरोप लगाया कि कंपनी द्वारा अगस्त 2024 एवं सितम्बर 2024 के दो माह का वेतन, साथ ही मेंटेनेंस, पानी के केम्पर खर्च, बिजली बिल और अन्य सामग्री खरीद की राशि का भुगतान अब तक नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि यह राशि लंबे समय से लंबित है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना करना पड रहा है। कार्मिकों के अनुसार, जनवरी 2०24 में कंपनी द्वारा आरआरवीपीएनएल से टेंडर लेकर उन्हें कार्य पर लगाया गया था और प्रारंभिक अवधि में नियमित भुगतान किया गया।

बाद में कंपनी का टेंडर निरस्त कर दिया गया। इसके बावजूद बकाया भुगतान नहीं किया गया, जबकि कार्मिक वर्तमान में दूसरी कंपनी के अधीन कार्य कर रहे हैं। कार्मिकों ने बताया कि उन्होंने कई बार कंपनी को प्रार्थना पत्र दिए और संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। ऐसे में उन्हें प्रशासन से हस्तक्षेप की उम्मीद है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि कंपनी द्वारा टेंडर के समय करोडों रुपये की सिक्योरिटी राशि डिस्कॉम में जमा करवाई गई थी, जो अभी भी विभाग के पास है। कार्मिकों ने मांग की कि इसी राशि से उनका बकाया भुगतान कराया जाए। कार्मिकों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि अधीक्षण अभियंता को निर्देशित कर जेबीसी कंपनी अथवा डिस्कॉम के माध्यम से दो माह का वेतन, मेंटेनेंस, पानी केम्पर खर्च, बिजली बिल व अन्य बकाया राशि का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराया जाए।

इस दौरान अशोक कुमार थांवल, दिनेश कुमार (उम्मेदपुर), हरीश कुमार, प्रवीण कुमार, ललित कुमार खरल, रमेश बागरा, रतन लाल बाकरा, वि म मीणा बाकरा, भरत रामसीन सहित कई कार्मिक उपस्थित रहे।

दो जने गिरफ्तार

जोधपुर, (कासं)। किराए का खाता खोलकर लोगों को सायबर ठगी का पैसा अपने एकाउंट में डलवाने वाले दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज हुए हैं।

कुड़ी थानाधिकारी तेजकरण ने बताया कि गंगा विहार ए सेक्टर में रहने वाले शक्ति सिंह के खिलाफ सायबर फ्रॉड का केस दर्ज हुआ है। उसके खिलाफ चार शिकायतें अलग अलग स्थानों से मिली थी। एएसआई भगवानदान की तरफ से केस दर्ज कराया गया है बासनी पुलिस ने भी सायबर फ्रॉड का केस दर्ज किया है। सत्यम श्रीवास्तव और शक्ति सिंह को बासनी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

आबादी भूमि पर अतिक्रमण की शिकायतों का निरीक्षण

रेवदर, (निसं)। रेवदर ग्राम पंचायत के आबादी भूमि पर अतिक्रमण की लगातार शिकायतों को लेकर बुधवार को जांच टीम एक्टिव हुई और मौका निरीक्षण किया।

ग्राम पंचायत रेवदर के वार्ड पंचों ने 1 अप्रैल को जिला कलेक्टर व मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिरोही को रेवदर ग्राम पंचायत के आबादी की बेस कीमती भूमि पर हुए अतिक्रमण को लेकर शिकायत की गई थी जिसको लेकर बुधवार को पंचायत समिति रेवदर के अधिकारी अतिरिक्त बीडीओ भरत सिंह वाघेला,अतिरिक्त बीडीओ योगेश कुमार व ग्राम विकास अधिकार प्रकाश देवासी मय टीम एक्टिव नजर आई। टीम वहीं सभी वार्ड पंचों, वार्डपंचों को साथ रखकर अतिक्रमण क्षेत्र का मौका निरीक्षण किया गया।

रेवदर पंचायत समिति के एडिशनल विकास अधिकारी भारत सिंह वाघेला ने बताया कि रेवदर के खसरा नंबर 535 वह 418 दोनों का सूचीबद्ध तरीके से मौका निरीक्षण किया गया है। सभी अतिक्रमण को चिन्हित किया गया है।

मौका रिपोर्ट एक-दो दिन में बना दी जाएगी। इसके पश्चात अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। ग्राम पंचायत के वार्ड पंचों ने पहले कलेक्टर और मुख्य कार्यकारी अधिकारी को ज्ञापन देकर अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। ज्ञापन में बताया गया था कि रेवदर कस्बे के गोचर भूमि खसरा संख्या 535 और 418 पर बाहर के लोग अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं। ज्यादातर रेवदर कस्बे के लोग भूमिहीन हैं, जिन्हें जमीन उपलब्ध नहीं हो रही। पंचों ने कहा कि अवैध अतिक्रमण की जांच कर कार्रवाई करने की आवश्यकता है। वार्ड पंच मुकेश कुमार जोशी, हरिसिंह देवडा, रेवाराम मेघवाल, महेंद्र कुमार सहित अन्य अधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे थे।

अभिभावकों के लिए ओरिएंटेशन सत्र आयोजित

जोधपुर, (का.सं.)। राजमाता कृष्णाकुमारी गर्ल्स पब्लिक स्कूल में गुरुवार को अभिभावकों के लिए एक विशेष ओरिएंटेशन सत्र का आयोजन किया गया।

प्राचार्या श्रीमती नीरा सिंह ने बताया कि इस सत्र का उद्देश्य कक्षा 9 के सीबीएसई पाठ्यक्रम में हो रहे नवीन परिवर्तनों तथा नई शिक्षा नीति के अनुरूप विकसित शैक्षिक दृष्टिकोण से अभिभावकों को अवगत कराना था।

सत्र का संचालन सीनियर विंग की डीन एकेडमिक्स, श्रीमती सीमा मल्होत्रा बख्शी द्वारा किया गया, जिन्होंने अपने अनुभव और विषय-ज्ञान के आधार पर शिक्षा प्रणाली में हो रहे बदलावों को सरल और प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

कार्यशाला में तीन-भाषा सूत्र, विज्ञान एवं गणित में स्तर-आधारित अधिगम, दक्षता-आधारित शिक्षा, अनुभवात्मक अधिगम तथा विद्यार्थियों के समठा विकास जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

अभिभावकों को यह भी बताया गया कि नई प्रणाली में रटने की प्रवृत्ति को कम कर आलोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ ही व्यावसायिक शिक्षा को अनिवार्य बनाने, जैसे अंतर्विषयक विषय की शुरुआत, गणित एवं विज्ञान के लिए द्वि-स्तरीय प्रणाली तथा अंठोज़ी पाठ्यक्रम में नई एकल पाठ्यपुस्तक के समावेश जैसी प्रमुख विशेषताओं की जानकारी दी गई।

नए मूल्यांकन पैटर्न पर भी प्रकाश डाला गया, जो अनुप्रयोग-आधारित प्रश्नों पर केंद्रित है। इसके अतिरिक्त, कौशल-आधारित विषयों, कोडिंग एवं व्यावसायिक शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित किया गया। सत्र में यह स्पष्ट किया गया कि कक्षा शिक्षण पद्धितयाँ अब अधिक इंटरैक्टिव और आधुनिक हो रही हैं, जिनमें डिजिटल उपकरणों का उपयोग, सहयोगात्मक अधिगम तथा वास्तविक जीवन की समस्याओं पर आधारित शिक्षण दृष्टिकोण शामिल है। अभिभावकों को यह भी मार्गदर्शन दिया गया कि वे घर पर बच्चों में जिज्ञासा, स्वतंत्र चिंतन और संतुलित अध्ययन की आदतों को कैसे प्रोत्साहित कर सकते हैं।

इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से अभिभावकों ने बोर्ड परीक्षाओं, आंतरिक मूल्यांकन तथा तीन-भाषा सूत्र से जुडे अपने प्रश्नों के समाधान प्राप्त किए। समग्र रूप से यह कार्यशाला अत्यंत उपयोगी एवं सफल रही।

इसने अभिभावकों को नए पाठ्यक्रम की प्रगतिशीलता को समझने में सहायता प्रदान की तथा विद्यालय और घर के बीच सहयोग को और अधिक सुदृढ़ किया।

विद्यालय अभिभावकों का उनके बहुमूल्य समय के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया तथा प्राचार्या श्रीमती नीरा सिंह एवं डीन एकेडमिक्स श्रीमती सीमा मल्होत्रा बक्शी के प्रति अभिभावकों ने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया।

प्रायोगिक परीक्षा शुरू

जालोर, (कासं)। वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, में बी.ए. प्रथम, तृतीय व पंचम सेमेस्टर की तीनों कक्षाओं की भूगोल प्रायोगिक परीक्षा जारी है। प्राचार्य मनीष अखावत ने बताया कि भूगोल प्रायोगिक परीक्षा 25 अप्रैल तक आयोजित होगी।

युवाओं को प्रोत्साहन की जरूरत : सोडाला

पाली, (नि.सं.)। अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान पाली की ओर से गुरूवार को सर्वोदय नगर स्थित जिला सभा भवन मे सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमे प्रदेश पदाधिकारियो से लेकर नवचयनित राज्य प्रशासनिक अधिकारियो का स्वागत किया गया।

संस्थान के संरक्षक मूल सिंह भाटी एवं जिलाध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं अखिल रावणा राजपूत सेवा संस्थान के तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष 'रणजीत सिंह सोडाला ने कहा कि समाज मे तीसरी बार निर्विरोध निर्वाचन आपसी एकता का परिचय हैं हम सबको मिलकर समाज की विकास की ओर अठासर करने मे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। उन्होने कहा कि समाज के युवाओ मे कोई कमी नही है जरूरत है तो केवल उन्हे प्रोत्साहित करने की। उन्होने पाली जिलाध्यक्ष परिहार के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनकी पीठ थपथपाई। पूर्व जिलाध्यक्ष पाली एवम् वर्तमान प्रदेश महामंत्री मूल सिंह गहलोत ने कहा कि संगठन मे ही शक्ति है अत: ऐसे मे समाज को उच्चाईओ की बुलन्दियो पर ले जाए।

असफलता से नही घबराए - मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम मे नवचयनित राज्य प्रशासनिक अधिकारी आनन्द सिंह पंवार एवं विक्रम सिंह पंवार ने कहा कि यदि मन मे दृढ संकल्प और लगन हो तो सफलता अवश्य मिलती हैं । यदि कोई अपने एक प्रयास मे विफल हो जाए तो उन्हे घबराने की बजाय दुगुने जोश मे प्रयास मे जुट जाना चाहिए। कार्यक्रम को शहर अध्यक्ष रतन सिंह झाला, अध्यक्ष साध श्री अनोपदास सेवा समिति पाली लाल सिंह पंवार, महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती सिंधु कंवर, भाजपा जिला मंत्री,केसर सिंह परिहार, भाजपा नेता,रघुनाथ सिंह पंवार गुंदोज, शक्ति सिंह देवली ने भी संबोधित किया।

सिंडिकेट बैठक से पहले जे.एन.वी.यू. में एबीवीपी कार्यकर्ताओं का हंगामा

जोधपुर, (कासं)। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय (जेएनवीयू) में सिंडिकेट की बैठक से ठीक पहले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने हैड ऑफिस पर जमकर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने कुलपति को 21 सूत्रीय मांग पत्र सौंपकर विवि प्रशासन की विभिन्न नीतियों का विरोध किया। इन मांगों में मुख्य रूप से कुलपति सचिवालय को नए परिसर में स्थानांतरित करने पर रोक लगाने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत बंद की गई पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया को स्टूडेंट्स के हित में दोबारा शुरू करने की मांग शामिल है।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि कुलपति सचिवालय को न्यू कैंपस में शिफ्ट करने की प्रस्तावित प्रक्रिया तत्काल निरस्त की जाए और इसे शहर के बीच स्थित वर्तमान मुख्य कार्यालय में ही संचालित रखा जाए, ताकि आमजन को असुविधा न हो। इसके अलावा ओल्ड कैम्पस में स्थित डिस्पेंसरी को बंद या स्थानांतरित न करने और वहां एक नई आधुनिक डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित करने की भी मांग रखी गई। पुराना परिसर स्थित एकल खिडक़ी पर इंटरनेट कनेक्शन की भी मांग की गई है। मांग पत्र में एनईपी लागू होने के बाद परीक्षा के आंतरिक और बाह्य मूल्यांकन के अनुपात को वर्तमान 20:80 से हटाकर वापस 30:70 करने की मांग उठाई गई है। इसके साथ ही, फाइन आर्ट्स संकाय में गवर्नमेंट एडेड सीट्स पर प्रवेश शुरू करने, इवनिंग फैकल्टी व केएन कॉलेज में शारीरिक शिक्षा के अतिरिक्त सेक्शन और इवनिंग फैकल्टी में राजस्थानी विषय शुरू करने की मांग की गई है।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि डिठाी देने की तमाम प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन किया जाए और प्रवेश के दौरान मांगी जाने वाली ऑफलाइन हार्डकॉपी व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से बंद किया जाए। चालान में फीस का पूरा वर्गीकरण देने, स्कॉलरशिप के लिए विस्तृत शुल्क विवरण उपलब्ध कराने और संबद्ध कॉलेजों की बढ़ाई गई फीस का रिफंड जल्द लौटाने का भी मुद्दा उठाया गया। प्रदर्शनकारियों ने दूर-दराज से आने वाले लोगों के लिए केंद्रीय कार्यालय में उचित बैठने की व्यवस्था और स्वच्छ शौचालय उपलब्ध कराने की मांग की। परिसरों में ई-मित्र केंद्र, कैंटीन, खेल मैदान में सिंथेटिक ट्रैक, चेंजिंग रूम और भीषण गर्मी को देखते हुए पीएम ऊषा योजना के तहत कूलर या डक्ट लगवाने की मांग रखी गई।

सुरक्षा के लिहाज से परिसर के मुख्य मार्गों पर बैरिकेडिंग करने और विशेषकर महिला छात्रावासों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रात्रिकालीन गश्त शुरू करने व छात्रावासों में सीटें बढ़ाने पर जोर दिया गया। प्लेसमेंट एजेंसी के तहत कार्यरत कुशल, अर्द्धकुशल एवं सुरक्षाकर्मियों की सूची सार्वजनिक कर पारदर्शिता लाने की भी बात कही गई।इसके अलावा, विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए आदर्श ठााम नांदड़ा कल्ला में वर्ष 2015 में निर्मित 20 आवासीय भूखंडों के फंड उपयोग की निष्पक्ष जांच करवाने और पेंशनर्स की समस्याओं का स्थायी समाधान कर पेंशन का समयबद्ध भुगतान करने की भी मांग की गई है।

मॉक ड्रिल आज

पाली,(नि.सं.)। नागरिक सुरक्षा विभाग, जयपुर से प्राप्त निर्देशानुसार पाली शहर म 24 अप्रैल को हवाई हमले की स्थिति से निपटने हेतु संयुक्त मॉक अभ्यास आयोजित किया जाएगा। इसके अंतर्गत शाम 7:30 बजे स 7:40 बजे तक (10 मिनट) का ब्लैक आउट किया जाएगा।

कीर्तन दरबार सजा, अखंड पाठ साहब शुरू

जोधपुर, (कासं)। आनंद सिनेमा के पास स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के नए दरबार हाल में साहब श्री गुरु ग्रंथ साहब महाराज के प्रकाशमान होने का कार्यक्रम गुरुवार को सुबह आरंभ हुआ। पंच प्यारों की अगुवाई में कीर्तन करते हुए श्री गुरु ग्रंथ साहब महाराज नए दरबार हॉल में प्रकाशमान हुए।

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सेवादार सरदार दर्शन सिंह लोटे एवं सचिव सरदार कुलदीप सिंह सलूजा ने बताया कि गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में आज धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ नए दरबार हॉल का शुभारंभ किया गया।

इस विशेष अवसर पर सुबह से ही बड़ी संख्या में गुरु नानक नाम लेवा संगत अर्थात सिख, पंजाबी एवं सिंधी समाज की संगत गुरु घर में नतमस्तक होने पहुंची।

समाज प्रवक्ता सरदार जितेंद्र सिंह बत्रा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नौ बजे हुई जब पंज प्यारों की अगुवाई और कीर्तन की गूंज तथा फूलों वर्षा के साथ श्री गुरु ठांथ साहिब महाराज की पावन सवारी को नए दरबार हॉल में लाया गया। वहां पूर्ण मर्यादा के साथ महाराज को प्रकाशमान (सुशोभित) किया गया।

इस दौरान संगत ने जो बोले सो निहाल के जयकारों के साथ माहौल को भक्तिमय बना दिया।

दरबार हॉल में प्रकाश के उपरांत विशेष कीर्तन दीवान सजाया गया, जिसमें स्त्री सत्संग के जत्थे एवं रागी जत्थों ने अमृतमयी गुरबाणी कीर्तन के माध्यम से संगत को भावविभोर कर दिया। इसके पश्चात श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ हुआ। श्री अखंड पाठ साहब की समाप्ति 25 अप्रैल को होगी। इसके बाद दो दिवसीय समागम शुरू होंगे। जिसमें दरबार साहब से आए रागी संदीप सिंह व सिमरप्रीत सिंह हरजस गायन करेंगे। सभी दीवानों की समाप्ति के बाद गुरु का अटूट लंगर होगा।

कार्यक्रम के दौरान सैनाचार्य अचलानंद गिरी महाराज, पंजाब केसरी जयानन्द सुरेश्वर महाराज, जय कीर्ति विजय महाराज, रामस्नेही संत हरिराम शास्त्री महाराज सहित कई संतों को सानिध्य रहा।

इसके साथ ही पूर्व नरेश गजसिंह, हेमलता राज्ये, राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश पुष्पेंद्र सिंह भाटी, न्यायाधीश अरुण मोंगा, न्यायाधीश बलजिंदर सिंह संधू, आरएसएस के क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम, सनातन सेना ट्रस्ट के महावीर अमरावत, भामाशाह अनिल भावनानी, सुनील तलवार, विक्रमजीत सिंह बक्शी, गोपी जनवानी, संजीव सचदेवा, पूर्व पार्षद कुश गहलोत तथा सिख समाज के चेयरमैन सरदार जगदेव सिंह खालसा, हरजीत सिंह भूटानी, मनजीत सिंह छाबड़ा, गुरमुख सिंह छाबड़ा, गुरचरण सिंह बग्गा, हरदीप सिंह सलूजा, प्रतिपाल सिंह वालेचा व अन्य लोग उपस्थित रहे।